Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Regarding power shortage in Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। एक ओर तो केंद्र सरकार यह घोाणा कर रही है कि सन 2009 तक देश के सभी गांव विद्युतीकृत हो जाएंगे, इसके लिए केंद्र सरकार राज्यों को आवश्यक धन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, उत्तर प्रदेश राज्य को भी इस संदर्भ में केंद्र सरकार सहायता दे रही है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उत्तर प्रदेश में बिजली की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है और जो धन केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को देती है, उसका भी सदुपयोग नहीं हो पाता है। उत्तर प्रदेश की सरकार दस हजार करोड़ रूपए का एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बिजली के संदर्भ में लगाने की बात कह रही है। आज भी उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि दो सालों में हम प्रचुर बिजली देने लगेंगे, जबकि हो इसके बिलकुल विपरीत रहा है। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्री से आग्रह करूंगा कि इस क्षेत्र को मॉनीटर करें और उत्तर प्रदेश की सरकार के साथ बैठक करके, जो उत्तर प्रदेश की आ वश्यकता हो, उसे पूरा करें और समयबद्ध तरीके से उत्तर प्रदेश की जनता को बिजली मिल सके, इस ओर ध्यान दें।